महत्वपूर्ण एवं खास

पति को छोड़कर प्रेमी के साथ भाग गई दो बच्चों की मां, रिपोर्ट दर्ज

कोरबा (आरएनएस)। मानिकपुर पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत कृष्णा नगर क्षेत्र में दो बच्चों और पति को छोड़ पत्नी भाग गई। पता चला कि उसका अफेयर किसी सूरज महतो से है। पति संजय जांगड़े ने इस बारे में चौकी को सूचना दे दी है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड की आउटसोर्सिंग कंपनी में ड्राइवर का काम करने वाला संजय झगड़ा इस बात को लेकर पछता रहा है कि उसने वर्ष 2017 में रुखसाना बानो से लव मैरिज क्यों की। विवाह के बाद उनके दो बच्चे हुए। खबर के अनुसार पिछले कुछ दिनों से रुखसाना का व्यवहार संजय के प्रति अच्छा नहीं रहा। संजय को जानकारी मिली कि की पत्नी के अफेयर किसी सूरज महतो से है। कॉल डिटेल प्राप्त करने पर चौंकाने वाली जानकारी हासिल हुई। बाद में संजय को धमकी मिलना शुरू हो गई। उस दौरान रूक्साना ने उसे वह घटना बताई थी जिसमें दूसरे इलाके में पत्नी के द्वारा पति को मारकर कंटेनर में उसका शव डाल दिया गया। संजय ने तब इसे हल्के में लिया था। हाल में ही संजय को पता चला कि वह एक ही नंबर पर 40 मिनट से लेकर एक-डेढ़ घंटे तक बात करती है। बताया गया कि 1 से 3 अप्रैल तक पत्नी को समझाने पर कोई असर नहीं हुआ और फिर वह संबंधित युवक के पास चली गई। संजय ने पुलिस चौकी मानिकपुर में इस बारे में सूचना दी है। दूसरी ओर रुखसाना के द्वारा भी यहां पहुंच कर कुछ शिकायत की गई है जिसकी जानकारी संजय को नहीं है। संजय ने आशंका जताई है कि जिस तरह से उसके साथ हुआ है और धमकियां मिल रही है, ऐसे में आगे खतरे हो सकते हैं।

म्यूल एकाउंट मामले में एक और खाता धारक गिरफ्तार

राजनांदगांव (आरएनएस)। जिले की डोंगरगढ़ पुलिस ने एक और म्यूल एकाउंट खाता धारक को गिरफ्तार किया है। भारत सरकार गृह मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय सायबर अपराध समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल में ऐसे म्यूल बैंक एकाउंट जिसका इस्तेमाल सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का व्ययन करने, उपयोग करने व संवर्धन करने के लिये उपयोग में लाया गया है की जानकारी समन्वय पोर्टल में प्रदर्शित होता है। पुलिस द्वारा अपने थाना क्षेत्र में खोले गये म्यूल एकाउंट का जांच कर कार्यवाही की जाती है। ऐसे ही म्यूल खाता के धारकों के समन्वय पोर्टल से प्राप्त जानकारी अनुसार एक्सिस बैक शाखा डोंगरगढ़ में खुले विभिन्न म्यूल बैंक खातों में दिनांक- 28.12.2023 से 07.10.2024 तक सायबर धोखाधड़ी से प्राप्त धनराशि 200000 रूपये जमा होना पाया गया जिस पर दिनांक- 18.03.2025 को थाना डोंगरगढ़ में धारा- 317(2), 317(4), 317(5), 111, 3(5) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर दिनांक- 19.03.2025 को तीन खाता धारक 01. 01. पुष्पदीप भाटिया, 02. मिहीर देवांगन एवं 03. खो्मेन्द्र साहू को गिर0 कर माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। विवेचना दौरान खाता क्रमांक 917010077576761 के धारक कृष्णा लिल्हारे पिता देवकरण लिल्हारे उम्र- 38 साल निवासी ग्राम पीपरखार कला थाना बोरतलाब जिला राजनांदगांव का पता तलाश कर पुछताछ किया गया जो आरोपी के खाता में दिनांक 28.12.2025 को 2000/-रू0 का ऑनलाईन ठगी का पैसा ट्रांसफर होना पाया गया। आरोपी के कब्जे से बैंक से लिंक मोबाईल सिम, चेक बुक तथा एटीएम को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित होना पाये जाने से आज दिनांक 06.06.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है।

लाखों रूपये कीमत की विदेशी मुद्रा चोरी करने वाले कंपनी के कर्मचारी सहित दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर | आरएनएस

राजधानी के थाना देवेन्द्र नगर स्थित बी.के. ट्रांसपोर्ट से विदेशी मुद्रा (डॉलर) की अदला - बदली कर लाखों रूपये कीमत की विदेशी मुद्रा चोरी करने वाले कंपनी के कर्मचारी सहित दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की संपूर्ण रकम 20 हजार डालर (भारतीय रूपये 17,30,000) जप्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसरा प्रार्थी सतीश जादवानी ने थाना देवेन्द्र नगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह विदेशी मुद्रा अदला-बदली का काम करता है तथा उसका जादवानी फाऐक्स प्रा.लि. कंपनी है जिसका वह हेड डायरेक्टर है। प्रार्थी का नागपुर (महाराष्ट्र) एवं जयपुर (राजस्थान) में अन्य शाखा स्थित है, कंपनी भारतीय रिजर्व बैंक से पंजीकृत है। दिनांक 03.06.2025 को उसके हेड आफिस रायपुर से कंपनी में कार्यरत कर्मचारी अमोद गुप्ता निवासी मोवा रायपुर के द्वारा 20 हजार डालर से भरा पार्सल का पैकेट जिसमें 100 डालर के 200 नोट थे, जिसे नागपुर ब्रांच को भेजने के लिए बी के ट्रेवल्स पुराना बस स्टैण्ड पंडरी रायपुर आफिस में रात्रि 8.30 बजे भेजा था, जो पैकेट में रखे 20 हजार डालर को बी के ट्रेवल्स में छोडकर अपने घर चला गया जिसकी रसीद दूसरे दिन दिया था। दिनांक 04.06.2025 को नागपुर ब्रांच के कर्मचारी खिलेश साहू के द्वारा जानकारी दिया गया कि भेजे गये पार्सल की बदली हो गयी है उक्त पार्सल में डालर नही है तब प्रार्थी

द्वारा बी के ट्रेवल्स को फोन के माध्यम से सूचना दिया गया जहां पर उपस्थित अनवर एवं तौफिक द्वारा बताया गया कि पार्सल बदली हुआ है। प्रार्थी द्वारा पार्सल के माध्यम से 20 हजार डालर जो भारतीय रूपये में 17,30,000/- रूपये होता है जिसे नागपुर ब्रांच भेजा जा रहा था जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति के द्वारा पार्सल बदल कर चोरी कर लिया, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना देवेन्द्र नगर में अपराध क्रमांक 109/25 धारा 303(2) बी.एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना देवेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित उसके कर्मचारी एवं बी.के. ट्रेवल्स के कर्मचारियों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

पूछताछ में आरोपी साहिल गोधवानी ने बताया कि उसका दोस्त नूरुल हुसैन एवं आयरिश जुनैद है। आरोपी साहिल प्रार्थी की कंपनी में टूर एवं पैकेज का काम करता है। जिससे उसे जानकारी रहती है कि कंपनी से कौन सा समान कोरियर के माध्यम से कहां जाता है। उसे इस बात की भी जानकारी थी कि 20,000 डॉलर बी. के. ट्रांसपोर्ट पंडरी बस स्टैंड से नागपुर जाने वाला है। जिस पर वह अपने उक्त साथियों के साथ उक्त रकम को चोरी करने की योजना बनाया तथा योजना के अनुसार आरोपी साहिल एवं नूरूल हुसैन ने आयरिश को बी के ट्रेवल्स में जमा पार्सल डॉलर के लिफाफा को एक्सचेंज करवाने भेजा। आयरिश बी के ट्रेवल्स में दूसरा लिफाफा देकर पहले से जमा डॉलर वाले लिफाफे की अदला-बदली कर चोरी कर वापस ले लाया। जिस पर आरोपी साहिल गोधवानी एवं आयरिश जुनैद को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 20 हजार डालर (भारतीय रूपये 17,30,000) तथा घटना से संबंधित 04 नग मोबाईल फोन तथा हेक्टर वाहन क्रमांक सी जी 04 एन एल 9069 जुमला कीमती लगभग 38,00,000/- रूपये जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही किया गया।

मामलें में पुलिस ने साहिल गोधवानी पिता हरिश गोधवानी उम्र 22 साल निवासी दलदल सिवनी मोवा मकान नंबर एल 32 अवनी विहार थाना मोवा पंडरी रायपुर तथा आयरिश जुनैद पिता परवेश खुर्शीद उम्र 22 साल निवासी दलदल सिवनी मोवा अवनी विहार गली नं. 01 मकान नंबर जी 16 थाना मोवा पंडरी रायपुर को गिरफ्तार किया है। वहीं प्रकरण में संलिप्त आरोपी नुरूल हुसैन फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है।

विवाहिता से दुष्कर्म कर फरार रहने वाला लोन फायनेंस कंपनी का मैनेजर पुलिस के हत्थे चढ़ा : गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

जशपुर | आरएनएस

महिला संबंधी अपराधों पर जशपुर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है। पति से अलग कर विवाहिता को शादी का झांसा देकर किया था दुष्कर्म, पीड़िता हुई गर्भवती। चौकी करडेगा, थाना तपकरा क्षेत्र के एक ग्राम की घटना। आरोपी के विरूद्ध थाना तपकरा में 64(2) बी.एन. एस. का अपराध दर्ज। नाम आरोपी:- आशीष कुमार पैंकरा उम्र 28 साल निवासी बिरिमकेला थाना बतौली जिला सरगुजा छ.ग। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि थाना तपकरा क्षेत्रांतर्गत एक ग्राम की 29 वर्षीय विवाहिता ने दिनांक 08.05.2025 को चौकी करडेगा थाना तपकरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका मायका सीतापुर क्षेत्र में है, उसका विवाह चौकी करडेगा क्षेत्र के एक ग्राम के युवक से हुआ है। इसके पति की ओर से पूर्व से 01 पुत्र है। वर्ष 2018 से यह महिला स्व सहायता समूह के अध्यक्ष के रूप में कार्य कर रही थी एवं समूह का संचालन कर रही थी। इसी दौरान वर्ष 2021 में स्पंदना मायक्रोफायनेंस लोन कंपनी का मैनेजर आशीष कुमार पैंकरा इनके गांव आया और काम पड़ेगा कहकर प्रार्थिया से उसका मोबाईल नंबर ले लिया और बातचीत होता था। इसी दौरान माह मई 2022 में जब इसके घर में कोई नहीं था उस दौरान आरोपी इसके पास आकर झांसा देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया। तत्पष्चात् प्रार्थिया को अषीष अपने किराये के घर कुनकुरी ले जाकर 03 वर्ष तक पति-पत्नि के रूप में रखा, इस दौरान प्रार्थिया गर्भवती हो गई एवं आरोपी ने उससे शादी करने साफ इंकार कर दिया। प्रार्थिया की उक्त रिपोर्ट पर चौकी करडेगा में धारा 64(2) बी.एन.एस. का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। अपराध पंजीबद्ध होने की जानकारी मिलने पर आरोपी आशीष कुमार पैंकरा फरार हो गया था, पुलिस द्वारा लगातार उसके संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी, इस दौरान मुखबीर की सूचना पर उसके कुनकुरी क्षेत्र में मौजूद होने की जानकारी मिलने पर दबिश देकर उसे अभिरक्षा में लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने उक्त अपराध को घटित करना स्वीकार किया है। आरोपी आशीष कुमार पैंकरा उम्र 28 साल निवासी बिरिमकेला थाना बतौली के विरूद्ध पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने पर उसे दिनांक 05.06.2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी करडेगा उप निरीक्षक भागवत नायकर, प्र.आर. भगत राम गोरे, आर. 514 राजकुमार यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि जशपुर पुलिस महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों के प्रति अत्यंत संवेदनशील है, महिला संबंधी अपराध में लिप्त किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

शराब घोटाला मामला : विजय भाटिया की रिमांड 9 जून बढ़ी

रायपुर | आरएनएस

छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में कारोबारी विजय भाटिया की रिमांड अवधि को 9 जून 2025 तक बढ़ा दिया गया है। आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा (ईओडब्ल्यू) ने उसे पूछताछ के लिए विजय भाटिया की रिमांड 16 जून 2025 तक बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने केवल 9 जून तक की रिमांड को मंजूरी दी।

बता दें कि शराब घोटाला मामला सामने आने के बाद ईओडब्ल्यू की प्रारंभिक जांच में सामने आया था कि सरकारी सिस्टम की मिलीभगत से राज्य में बड़े पैमाने पर अवैध शराब बिक्री हो रही थी, जिससे सरकारी खजाने को भारी नुकसान पहुंचाया गया। विजय भाटिया पर इस पूरे नेटवर्क के एक अहम कारोबारी किरदार के रूप में आरोप लगाए गए हैं, जो सप्लाई चेन और वित्तीय लेन-देन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा था। इस घोटाले में विजय भाटिया की भूमिका को लेकर ईओडब्ल्यू के अधिकारियों को लंबे समय से संदेह था। उसे हाल ही में गिरफ्तार किया गया था और उसके खिलाफ कई महत्वपूर्ण दस्तावेज़ी सबूत और कथित लेनदेन के रिकॉर्ड जांच एजेंसी के हाथ लगे हैं। ईओडब्ल्यू का मानना है कि भाटिया ने बेनामी कंपनियों और फर्जी बिलिंग के माध्यम से बड़ी रकम का लेन-देन किया है, जिससे वह जांच एजेंसियों की नजर से बचता रहा। इसके अलावा, जांच एजेंसी को शक है कि उसने कई राजस्व अधिकारियों और राजनीतिक संपर्कों के साथ मिलकर इस घोटाले को अंजाम दिया।

महिला के ऑपरेशन से प्रसव के बाद मृत्यु, जांच दल का गठन

कोरबा | आरएनएस

नगर के रिसदी स्थित श्वेता हॉस्पिटल में 1 जून 2025 को एक महिला की ऑपरेशन से प्रसव के बाद मृत्यु हो गई। मृतक महिला की पहचान अंजली सिंह पति रणजीत सिंह के रूप में हुई है, जो ग्राम गोढ़ी की निवासी हैं।

कलेक्टर के निर्देश पर जांच दल का गठन

इस प्रकरण की जांच के लिए कलेक्टर अजीत वसंत के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एस एन केशरी ने जांच दल का गठन किया है। जांच दल में विशेषज्ञ चिकित्सकों को शामिल किया गया है, जो प्रकरण के संपूर्ण पहलुओं पर तथ्यपरक जांच करेंगे।गठित जॉच दल के विशेषज्ञ चिकित्सकों के द्वारा प्रकरण के संपूर्ण पहलुओं पर तथ्यपरक जॉच करते हुए अपना स्पष्ट अभिमत सहित 07 दिवस में प्रतिवेदन देने को कहा गया है।

जांच दल के सदस्य

जांच दल में डॉ. (श्रीमती) सी.के.सिंह , जिला परिवार कल्याण एवं स्वास्थ्य अधिकारी कोरबा, डॉ.प्रीतेश मसीह, विशेषज्ञ मेडीसीन, स्व.विसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा, डॉ.आदित्य सिसोदिया, स्त्रीरोग विशेषज्ञ, एसोसियेट प्रोफेसर, स्व.बिसाहूदास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय कोरबा, डॉ. अतिक सिद्धीकी, नोडल अधिकारी,नर्सिंग होम एक्ट स्थानीय कार्यालय कोरबा सदस्य शामिल हैं।

नौकरी लगाने के नाम पर लाखों की ठगी,फरार आरोपी गिरफ्तार

दुर्ग | आरएनएस

जिले की थाना पुरानी भिलाई पुलिस ने लाखों की ठगी करने के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। मालमे में दो आरोपी पहले की गिरफ्तार किया जा चुके है।

मिली जानकारी के अनुसार बीएमवाय चरोदा संगम चौक थाना पुरानी भिलाई निवासी प्रार्थी कृपाराम रवानी के लडक़े को रायपुर मंत्रालय में चपरासी के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर 2 लाख 62 हजार रूपयें कि ठगी करने की शिकायत पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। विवेचना के दौरान आरोपपी अंजली कर्मकार पिता बीएल कर्मकार उम्र 43 वर्ष एवं सुरेश तिवारी पिता संताराम तिवारी उम्र 38 वर्ष निवासी राधा कृष्ण मंदिर लोहार पारा भिलाई 03 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जा चुका है। प्रकरण में एक आरोपी सर्वजीत ग्रेवाल उर्फ पप्पू शर्मा जो घटना दिनांक से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तार करने हेतु थाना पेट्रोलिंग व एसीसीयू की टीम को निर्देशित किया गया था। इस दौरान उनके परिजनों के मोबाइल नंबर को ट्रेस करने पर आरोपी के वर्तमान लोकेशन मैत्रीकुंज रिसाली से हिरासत में लेकर पूछताछ कर कथन लिया जिसने बताया कि इसका अंजली व सुरेश तिवारी से जान पहचान थी। पूर्व मे लोहार पारा राधाकृष्ण मंदिर भिलाई 03 अंजली कर्मकार के मकान में यह अपने परिवार सहित किरायें में रहता था। उसी मकान में सुरेश तिवारी भी किराये से रहता था, बैंक आफ इंडिया शाखा चरोदा भिलाई 03 जिला दुर्ग मे इसका खाता क्रमांक 931010310000344 था। इसके बैंक खाता में चेक बुक जारी हुआ था, अंजली कर्मकार एवं सुरेश तिवारी ने एक व्यक्ति से नौकरी लगाने के नाम से पैसा लिये थे। अंजली कर्मकार एवं सुरेश तिवारी ने सर्वजीत को बोला कि जिससे पैसा लिये है वह बहुत परेशान कर रहा है उसको पैसा देना है। तब अंजली कर्मकार एवं सुरेश तिवारी ने सर्वजीत को चेक मांगा तब इसके द्वारा चेक क्रमांक 490013005 को बिना कुछ लिखे कोरा चेक दिया था, इसको मालूम था कि इसके खाता मे पैसा नही है, यह जानते हुये इसने चेक बिना हस्ताक्षर कियें दिया था। इस प्रकार आरोपीगणों द्वारा एक राय होकर रायपुर मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम से धोखाधड़ी करना पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर जेएमएफसी न्यायालय भिलाई 03 पेश किया गया।

निर्वाचन आयोग तेजी से साझा करने के लिए सूचकांक कार्ड और सांख्यिकीय रिपोर्ट को सुव्यवस्थित भी कर रहा है

रायपुर | आरएनएस

मुख्य निर्वाचन आयुक्त और निर्वाचन आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू तथा डॉ. विवेक जोशी की अध्यक्षता में निर्वाचन आयोग ने चुनाव संपन्न होने के बाद सूचकांक कार्ड और विभिन्न सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने के लिए सुव्यवस्थित और प्रौद्योगिकी-संचालित प्रणाली बनाई है। यह उन्नत प्रणाली पारंपरिक हस्?तचालिक तरीकों के स्थान पर काम कर रही है। पहले के हस्?तचालिक तरीके ज्यादा समय लेते थे। स्वचालन और डेटा एकीकरण का लाभ उठाकर नई प्रणाली तेजी से रिपोर्टिंग सुनिश्चित करती है।

सूचकांक कार्ड एक गैर-सांविधिक चुनाव-पश्चात सांख्यिकीय रिपोर्टिंग प्रारूप है, जिसे निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, नीति निर्माताओं, पत्रकारों और आम जनता सहित सभी हितधारकों के लिए निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर चुनाव-संबंधी डेटा पाने को बढ़ावा देने के लिए एक स्वप्रेरणा पहल के रूप में विकसित किया है। डेटा का प्रसार करने के लिए इसे उम्मीदवार, मतदाता, डाले गए वोट, गिने गए वोट, पार्टी और उम्मीदवार-वार वोट शेयर, महिला-पुरूष आधारित मतदान पैटर्न, क्षेत्रीय विविधताएं और राजनीतिक दलों का प्रदर्शन जैसे कई आयामों में डिज़ाइन किया गया है। सूचकांक कार्ड लोकसभा चुनावों के लिए लगभग 35 और राज्य विधानसभा चुनावों के लिए 14 सांख्यिकीय रिपोर्ट तैयार करने का आधार है। इन रिपोर्टों में राज्य/पीसी/एसी-वार मतदाता विवरण, मतदान केंद्रों की संख्या, राज्य और निर्वाचन क्षेत्र-वार मतदाता मतदान, महिला मतदाताओं की भागीदारी, राष्ट्रीय/राज्यीय दलों और पंजीकृत गैर-मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों (आरयूपीपी) का प्रदर्शन, विजयी उम्?मीदवारों का विश्?लेषण, निर्वाचन क्षेत्रवार विस्?तृत नतीजे और आंकड़ों के संक्षिप्?त विवरण शामिल हैं। यह समृद्ध, डेटा-संचालित संसाधन गहन चुनावी शोध की क्षमता को बढ़ाता है, जो एक मजबूत लोकतांत्रिक विमर्श में योगदान देता है। हालांकि, ये सांख्यिकीय रिपोर्ट केवल शैक्षणिक और शोध उद्देश्यों के लिए हैं और सूचकांक कार्ड से प्राप्त द्वितीयक डेटा पर आधारित हैं, जबकि प्राथमिक और अंतिम आंकड़ा संबंधित पीठासीन अधिकारियों के बनाए गए वैधानिक प्रपत्रों में रहता है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

बस्तर में नक्सलवाद की धुंध छटी, अब शिक्षा की फैली रौशनी

पूर्व नक्सली इलाकों में गुरुकुल की स्थापना, बच्चे लौटे शिक्षा की ओर

बीजापुर | आरएनएस

बस्तर संभाग, जो कभी नक्सलवाद का गढ़ माना जाता था, अब शिक्षा और विकास की नई इबारत लिख रहा है। राज्य और केंद्र सरकार की संयुक्त रणनीति तथा सुरक्षाबलों के साहसिक अभियानों ने नक्सलियों की पकड़ को कमजोर कर दिया है। बस्तर के सात में से अधिकांश जिलों में नक्सल प्रभाव अब लगभग समाप्त हो चुका है। इस बदलाव की बयार में शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास के नए द्वार खुल रहे हैं।

सीआरपीएफ ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों को मुख्यधारा से जोडऩे के लिए एक अनोखी पहल शुरू की है। मोस्ट वांटेड नक्सली हिड़मा के गांव पूवर्ती में पहली बार 'गुरुकुल' नाम से शिक्षा केंद्र स्थापित किया गया है। पूवर्ती, टेकलगुड़ेम और सिलगेर जैसे गांव, जो कभी नक्सलियों का अड्डा हुआ करते थे, अब शिक्षा की रोशनी से जगमगा रहे हैं। इन तीन गुरुकुलों में अब तक 80 से अधिक आदिवासी बच्चे पढ़ाई से जुड़ चुके हैं। इन बच्चों को 'शिक्षादूत' शिक्षक पिछले एक साल से पढ़ा रहे हैं।

पहुंची विकास की किरण

पूर्व नक्सली इलाकों में गुरुकुल की स्थापना, बच्चे लौटे शिक्षा की ओरपहले इन इलाकों में सडक़ जैसी बुनियादी सुविधाएं भी नहीं थीं, लेकिन 19 साल बाद विकास की रफ्तार ने इन गांवों को छू लिया है। पूवर्ती के अलावा कई बच्चे 100 किमी दूर कुआकोंडा के पोटाकेबिन स्कूल में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। सीआरपीएफ न केवल शिक्षा की व्यवस्था कर रही है, बल्कि बच्चों के लिए कॉपी-किताब, खेलकूद और अन्य जरूरी सामग्री भी उपलब्ध करा रही है। बच्चों के समग्र विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी किया जा रहा है, जिससे उनमें आत्मविश्वास बढ़ रहा है।

स्कूल छोड़ चुके बच्चों को फिर से जोड़ने की मुहिम

सुकमा के जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मंडावी ने बताया कि पूवर्ती में एक नए स्कूल का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। पढ़ाई छोड़ चुके 35 बच्चों को फिर से स्कूल से जोडऩे के लिए उनके अभिभावकों से लगातार बातचीत की जा रही है। यह पहल न केवल शिक्षा के प्रसार को बढ़ावा दे रही है, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी प्रतीक बन रही है।

नई उम्मीद की किरण

बस्तर में शिक्षा की यह नई शुरुआत नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में एक नई उम्मीद जगा रही है। यह पहल न सिर्फ बच्चों के भविष्य को संवार रही है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि बस्तर अब नक्सलवाद की छाया से बाहर निकलकर विकास और शिक्षा की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है।